बुधवार
27 ,मई , 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 107 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com




# राजगीर पुलिस अकादमी से निकले 19 नए डीएसपी, दीक्षांत परेड में डीजीपी ने दिलाई ईमानदार सेवा की सीख







संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के परेड मैदान में मंगलवार को 69वीं बैच के परिवीक्षमान पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) का भव्य दीक्षांत परेड समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में परेड की सलामी ली, मार्च पास्ट का निरीक्षण किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु अधिकारियों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में नव नियुक्त अधिकारियों को ईमानदारी, समर्पण, अनुशासन और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने का संदेश दिया तथा दहेजमुक्त समाज निर्माण की अपील भी की।

समारोह में बिहार पुलिस अकादमी की अपर पुलिस महानिदेशक-सह-निदेशक आर. मलर विलि ने वार्षिक प्रशिक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वहीं पुलिस उप महानिरीक्षक-सह-उपनिदेशक ए.के. लाल ने प्रशिक्षुओं को शपथ दिलाई और पुलिस उप महानिरीक्षक-सह-सहायक निदेशक (प्रशिक्षण) दीपक रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में डीआईजी (सीआरपीएफ) निखिल रस्तोगी, नालंदा एसपी भरत सोनी, चंद्र प्रकाश समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इस बैच में कुल 19 अधिकारी शामिल रहे, जिनमें 17 पुलिस उपाधीक्षक, एक पुलिस उपाधीक्षक (तकनीकी) तथा एक जिला समादेष्टा हैं। इनमें 14 पुरुष एवं 5 महिला अधिकारी शामिल हैं। इन अधिकारियों का बुनियादी प्रशिक्षण 1 अप्रैल 2025 से प्रारंभ हुआ था। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें राष्ट्रीय विधि विज्ञान विश्वविद्यालय गांधीनगर, केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी भोपाल, उत्तर-पूर्वीय पुलिस अकादमी उमसाब और हैदराबाद स्थित ग्रेहाउंड्स रीजनल ट्रेनिंग सेंटर में विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा भारतीय प्रबंधन संस्थान बोधगया, एम्स पटना, एनआईईएलआईटी तथा अन्य संस्थानों के विशेषज्ञों द्वारा साइबर अपराध, फोरेंसिक विज्ञान, मानव व्यवहार, डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी, पुलिस संचार, साइबर सुरक्षा, नये आपराधिक कानून, सीसीटीएनएस, आईसीजेएस एवं ई-साक्ष्य एप जैसे विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

सभी प्रशिक्षुओं ने आई-गॉट प्लेटफॉर्म पर नए आपराधिक कानूनों सहित आठ पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरे किए। साथ ही डायल-112 की कार्यप्रणाली, पर्व-त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था प्रबंधन तथा थाना संचालन का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी प्राप्त किया।

पुरस्कार वितरण में नवनीत आनंद ने सर्वश्रेष्ठ परिवीक्षमान अधिकारी (सीएम पिस्टल) तथा डीजीपी बैटन पुरस्कार अपने नाम किया। राजन भारती को डीजीपी स्वॉर्ड, सर्वश्रेष्ठ आउटडोर प्रशिक्षु, पीटी, ड्रिल, 10 किलोमीटर दौड़ (पुरुष) तथा प्रबंधन, अनुसंधान एवं विचारण विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। उज्ज्वल कुमार उपकार को विधि एवं विधिक मामलों के प्रबंधन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए निदेशक ट्रॉफी प्रदान की गई। अभिषेक कुमार को सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज (पुरुष), पूजा कुमारी को सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज (महिला), हॉर्स राइडिंग एवं सर्वश्रेष्ठ परेड कमांडर का पुरस्कार मिला। सुधा राज को 10 किलोमीटर दौड़ (महिला) में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जबकि अंकित कुमार रंजन को निदेशक मूल्यांकन में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु का सम्मान मिला। अनिल कुमार मेमोरियल ट्रॉफी (सर्वश्रेष्ठ शोध प्रबंध) भी नवनीत आनंद को प्रदान की गई।

दीक्षांत परेड में उज्ज्वल कुमार उपकार, सर्वेश कुमार, शिवम तिवारी, पवन कुमार, संदीप कुमार सिंह, राजन भारती, विक्रमजीत सिंह, नवनीत आनंद, अभिषेक कुमार, अंकित कुमार रंजन, मोनिका कुमारी, अनुराग कुमार, अंकित कुमार, प्रीति कुमारी, पूजा कुमारी, भावना कुमारी, सुधा राज, अभिषेक राज एवं आनंद कुमार सहित सभी 19 प्रशिक्षु अधिकारी शामिल हुए। समारोह के साथ ही ये अधिकारी अब बिहार पुलिस सेवा में अपनी नई जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए तैयार हो गए हैं।

# पहले शाही स्नान को लेकर राजगीर में चाक-चौबंद तैयारी, 950 दंडाधिकारी तैनात




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजकीय राजगीर मलमास मेला-2026 के प्रथम शाही स्नान को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए हैं। सोमवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में 27 मई को होने वाले शाही स्नान कार्यक्रम की तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को समय पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मलमास मेला 17 मई से 15 जून तक आयोजित हो रहा है। पंचांग के अनुसार अधिक मास में लगने वाला यह मेला देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए विशेष धार्मिक महत्व रखता है। प्रशासन के अनुसार शाही स्नान के दिनों में लगभग दो से ढाई लाख श्रद्धालुओं के राजगीर पहुंचने की संभावना है। बड़ी संख्या में साधु-संतों के आगमन को देखते हुए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

मेला क्षेत्र, ब्रह्मकुंड परिसर, प्रमुख मंदिरों, पार्किंग स्थलों और मुख्य मार्गों पर लगभग 950 दंडाधिकारी, 530 पुलिस पदाधिकारी, 100 होमगार्ड जवान तथा घुड़सवार पुलिस बल की तैनाती की गई है। सुरक्षा निगरानी के लिए 550 सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन, नाइट विजन उपकरण, मैन पैक और ड्रैगन लाइट्स का उपयोग किया जा रहा है। भीड़ नियंत्रण के लिए 38 टॉप और 16 वॉच टावर बनाए गए हैं तथा संवेदनशील स्थलों पर डबल लेयर बैरिकेडिंग की गई है।

श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए 14 आवासन स्थलों पर जर्मन हैंगर और वाटरप्रूफ पंडाल बनाए गए हैं, जिनकी कुल क्षमता लगभग छह हजार लोगों की है। यहां पेयजल, शौचालय, कूलर, पंखे, रोशनी और सीसीटीवी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पीएचईडी द्वारा 300 प्याऊ, 20 नए चापाकल, 125 स्टैंड पोस्ट और 15 जल टैंकरों की व्यवस्था की गई है। एक हजार से अधिक शौचालय एवं 25 चेंजिंग रूम भी बनाए गए हैं।

स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत आठ अस्थायी अस्पताल, 18 स्वास्थ्य शिविर, 16 एंबुलेंस और चार चलंत चिकित्सा दल तैनात किए गए हैं। केंद्रीय नियंत्रण कक्ष में 24 घंटे चिकित्सकीय एवं आपात सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। अनुमंडलीय अस्पताल राजगीर और भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान, पावापुरी को भी विशेष रूप से तैयार रखा गया है।

यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए पटना, बख्तियारपुर, गया, जहानाबाद और नवादा से रिंग बस सेवा चलाई जा रही है। 12 पार्किंग स्थल और 20 ट्रैफिक चेक पोस्ट बनाए गए हैं। ई-रिक्शा एवं टोटो के लिए रूट और किराया निर्धारित कर रंग आधारित पहचान प्रणाली लागू की गई है।

जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन ने दावा किया है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम दर्शन के लिए इस बार अभूतपूर्व व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे मलमास मेला 2026 का आयोजन सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके।

# किराया विवाद में मकान मालिक और किरायेदार ने लगाए गंभीर आरोप




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। लहेरी थाना क्षेत्र के नाला रोड स्थित मछली मार्केट मोहल्ले में किराया विवाद को लेकर मकान मालिक और किरायेदार के बीच विवाद गहरा गया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए लहेरी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस दोनों आवेदनों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

मकान मालिक अमित कुमार और ओमप्रकाश ने आरोप लगाया है कि उन्होंने अपना भवन 'कनिष्क फूड प्लाजा' नामक रेस्टोरेंट संचालन के लिए आदर्श कुमार और उनके पिता धर्मेंद्र कुमार को किराये पर दिया था। उनका कहना है कि कई महीनों से किराया जमा नहीं किया गया और किरायानामा की अवधि समाप्त होने के बावजूद भवन खाली नहीं किया गया। मकान मालिकों के अनुसार किरायेदार पर लगभग 24 लाख रुपये किराया तथा 27,755 रुपये बिजली बिल बकाया है। कई बार मौखिक अनुरोध और कानूनी नोटिस भेजने के बावजूद



भवन खाली नहीं किया गया।

आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि भवन का शटर खोलने पर अंदर सामान अस्त-व्यस्त मिला तथा बिजली मीटर अपनी जगह से गायब था। मकान मालिकों ने इसे सुनियोजित साजिश बताते हुए भवन पर कब्जा करने की कोशिश का आरोप लगाया है।

वहीं, दूसरी ओर किरायेदार आदर्श कुमार ने भी थाना में आवेदन देकर रेस्टोरेंट से चोरी होने का आरोप लगाया है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत रजक ने बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुए हैं। पुलिस सभी आरोपों की जांच कर रही है और जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विशेष अभियान में नईसराय से बाल श्रमिक मुक्त, नियोजक पर कार्रवाई



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। श्रम संसाधन विभाग के निर्देश पर नालंदा जिले में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिहारशरीफ प्रखंड के नईसराय क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष धावा दल ने विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की, जिसमें एक प्रतिष्ठान से एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया।

जांच अभियान के दौरान टीम ने कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया और बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अनुपालन की समीक्षा की। अभियान के दौरान बाल श्रमिक पाए जाने पर उसे तत्काल मुक्त कराकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई।

श्रम अधीक्षक अश्विनी कुमार ने बताया कि बाल श्रम के विरुद्ध यह अभियान पूरे नालंदा जिले में लगातार जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाल श्रमिकों को नियोजित करने वाले प्रतिष्ठानों के संचालकों के खिलाफ संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मुक्त कराए गए बाल श्रमिक को आगे की देखरेख एवं पुनर्वास की प्रक्रिया के लिए बाल कल्याण समिति, बिहारशरीफ के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

विशेष धावा दल में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सतीश कुमार सिंह, नगरनौसा के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी जयकृष्ण गुप्ता, आईडिया संस्था नालंदा से अश्विनी कुमार, प्रयास संस्था से शैलेंद्र प्रसाद तथा बिहारशरीफ थाना के पुलिसकर्मी शामिल थे।

श्रम विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि कहीं भी बाल श्रमिक कार्य करते दिखाई दें तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित विभाग या नजदीकी थाना को दें, ताकि बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और बेहतर भविष्य उपलब्ध कराया जा सके।









# बकरीद पर शांति भंग करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई: थानाध्यक्ष



सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। बेन थाना परिसर में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रविराज सिंह ने की। इसमें सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों ने भाग लेकर पर्व के दौरान शांति एवं आपसी भाईचारा बनाए रखने पर चर्चा की।

बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष रविराज सिंह ने कहा कि बकरीद पर्व आपसी सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक है। सभी लोग मिल-जुलकर पर्व मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भड़काऊ गतिविधियों से दूर रहें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पर्व के दौरान हुड़दंग, अशांति फैलाने या कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी कीमत पर उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। बैठक में पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर अरविंद पटेल, बहाब, टुनटुन, कलीम अशरफ, दिलशाद आलम, सत्येंद्र प्रसाद सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने क्षेत्र में शांति, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद मनाने का संकल्प लिया तथा प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

# बकरीद पर शांति भंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएसपी



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को इस्लामपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हिलसा-2 के डीएसपी कुमार ऋषि राज एवं अंचल अधिकारी किशोरी चौधरी ने संयुक्त रूप से की। इसमें जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।बैठक को संबोधित करते हुए डीएसपी कुमार ऋषि राज ने लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ बकरीद मनाने की अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले भ्रामक, भड़काऊ एवं आपत्तिजनक पोस्ट और वीडियो से सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध या आपत्तिजनक सामग्री की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकिसमय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

डीएसपी ने बताया कि नमाज स्थलों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि कुर्बानी खुले स्थानों पर न करें तथा अवशेषों का उचित तरीके से निस्तारण करें, ताकि स्वच्छता और सामाजिक सौहार्द बना रहे।


अंचल अधिकारी किशोरी चौधरी ने कहा कि बकरीद प्रेम, त्याग और भाईचारे का पर्व है। उन्होंने सभी लोगों से सहयोग एवं शांति के साथ पर्व मनाने का आग्रह किया। साथ ही चेतावनी दी कि कानून-व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

बैठक में थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, मनोज कुमार सिंह, नगर प्रबंधक निलेश कुमार, दरोगा रामानुज सिंह, उपमुख्य पार्षद तनवीर आलम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे







# पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतों पर रोक लगाने की उठी मांग



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ के खंदकपर स्थित रॉयल पैलेस होटल में सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न संगठनों के नेताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतों, शिक्षा व्यवस्था, न्यायिक सुधार तथा चुनावी प्रक्रिया समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए अतिपिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामदेव चौधरी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों से आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने सरकार से पेट्रोलियम पदार्थों के दामों पर नियंत्रण लगाने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि ईंधन की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर परिवहन, खाद्य सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर पड़ता है, जिससे आम जनता प्रभावित होती है।

बैठक में सामाजिक न्याय मोर्चा के गठन का भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। कार्यक्रम कीअध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता एवं किसान नेता चंद्रशेखर प्रसाद ने की। वक्ताओं ने यूजीसी विधेयक-2026 को लागू करने, समान शिक्षा प्रणाली लागू करने, न्यायिक नियुक्तियों में सुधार, यूपीएससी एवं बीपीएससी की तर्ज पर न्यायाधीशों की नियुक्ति, उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव समाप्त करने, मतपत्र से चुनाव कराने तथा निजी शिक्षण संस्थानों के सरकारीकरण जैसे विषयों पर भी अपने विचार रखे।

बैठक में डॉ. भीमराव आंबेडकर संघर्ष विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल पासवान, जिला महासचिव महेंद्र प्रसाद, अधिवक्ता कल्याण कुमार, प्रोफेसर शिव कुमार प्रसाद यादव, सरजुग रविदास, विनोद यादव, ललती देवी, मोहम्मद चांद सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# राजगीर मलमास मेला में झूले से गिरकर छात्र की मौत, संचालक पर प्राथमिकी दर्ज

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजकीय मलमास मेला-2026 के दौरान सोमवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में झूले से गिरकर एक छात्र की मौत हो गई। घटना के बाद मेला क्षेत्र में अफरातफरी मच गई और प्रशासन ने एहतियातन सभी झूलों के संचालन पर तत्काल रोक लगा दी। मृतक की पहचान नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के बिक्कू गांव निवासी विपिन कुमार के 18 वर्षीय पुत्र अमन कुमार के रूप में हुई है। वह राजगीर स्थित पीटीजेएम सरस्वती विद्या मंदिर का छात्र था।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अमन कुमार मेला क्षेत्र में संचालित एक बड़े झूले पर सवार था। इसी दौरान वह अचानक झूले से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना प्रशासन और पुलिस को दी। घायल छात्र को पहले अनुमंडलीय अस्पताल राजगीर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान, पावापुरी रेफर किया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए उसे पीएमसीएच पटना भेजा गया, लेकिन रास्ते में फतुहा के समीप उसकी मृत्यु हो गई।

घटना की पुष्टि करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि संबंधित झूले को जब्त कर लिया गया है। साथ ही मेला क्षेत्र में संचालित सभी झूलों का संचालन अगले आदेश तक बंद करा दिया गया है। मामले में झूला संचालक राहुल कुमार, पिता कौशलेंद्र प्रसाद, निवासी नाहुब, थाना राजगीर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना के बाद से आरोपी फरार बताया जा रहा है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। मामले की वैज्ञानिक जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है।

हादसे के बाद मेला क्षेत्र में सुरक्षा मानकों और प्रशासनिक निगरानी को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि झूलों के संचालन की अनुमति, सुरक्षा उपकरणों की गुणवत्ता और नियमित निरीक्षण की व्यवस्था की गहन जांच होनी चाहिए। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस हृदयविदारक घटना से मृतक के परिवार में मातम छा गया है। क्षेत्र के लोगों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को उचित सहायता तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।






# हरनौत में निर्माणधीन नये प्रखंड सह अंचल कार्यालय के भवन में 40 फिसदी कार्य पूर्ण, 12.25 करोड़ की लागत से हो रहा है निर्माण



हरिओम कुमार

हरनौत(अपना नालंदा)।स्थानीय प्रखंड मुख्यालय परिसर में 12.25 करोड़ रुपए की लागत से नए प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य जोर-जोर से चल रहा है। बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग द्वारा यह अत्याधुनिक भवन बनाया जा रहा है, जिसका लक्ष्य प्रशासनिक ढांचे को सुदृढ़ करना है। वहीं साइट इंजीनियर अमन कुमार ने बताया कि भवन निर्माण विभाग (बीसीडी) द्वारा यह नया प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन तीन मंजिला (जी प्लस टू) हो रहा है और इसमें चारदीवारी का कार्य भी शामिल है। इसमें विभिन्न प्रखंड स्तरीय कार्यालय एक ही छत के नीचे संचालित होंगे।उन्होंने बताया कि नया भवन करीब एक एकड़ भूमि में बनाया जा रहा है, जिसकी लंबाई 70मी और चौड़ाई 55 मी है। मेसर्स प्रसाद कंस्ट्रक्शन एंड कंपनी को इसे 12 महीने में पूरा करने का लक्ष्य है। जबकि बीते दिसंबर माह में यह कार्य शुरू है।यह फ्रेम स्ट्रक्चर गवर्नमेंट ऑफिशियल बिल्डिंग बनाई जा रही है।जिसमें 80 फिसदी फ्रेम स्ट्रक्चर संबंधित कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जबकि ऑल ओवर कार्य 40 फिसदी।

इसमें फ्लाई ऐश ब्रिक का प्रयोग किया जा रहा है। तकरिबन सौ मजदूर चार सूपरवाईजर के अंडर में कार्य कर रहे हैं। इसमें ग्राउंड फ्लोर पर प्रमुख,उप प्रमुख सहित बीडीओ,सीओ, सर्किल इंस्पेक्टर,नाजिर आदि कक्ष रहेंगे।बाकि पदाधिकारीगण ऊपर विभिन्न तल्ला पर स्थित कक्ष में बैठेंगे।इसके लिए लिफ्ट ( पोर्टिको स्थित प्रवेश द्वार के पास)तथा सीढ़ी की व्यवस्था रहेगी ।

# सिलाव बाईपास का अवैध कट बना दुर्घटनाओं का कारण, आक्रोश बढ़ा

राजेश कुमार गौतम

नालंदा (अपना नालंदा)। सिलाव बाईपास पर बनाया गया अवैध डिवाइडर कट इन दिनों लगातार सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान छोड़े गए कट को पुलिस प्रशासन ने पहले चेन लगाकर बंद कर दिया था, लेकिन बाद में कुछ लोगों ने डिवाइडर को आगे से तोड़कर नया अवैध रास्ता बना लिया। अब यही रास्ता राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बन गया है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार इस अवैध कट पर आए दिन बाइक, टोटो और अन्य छोटे वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। कई बार वाहन असंतुलित होकर मुख्य सड़क पर पलट जाते हैं, जिससे यातायात प्रभावित होता है और बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार वाहनों के बीच इस तरह का अवैध कट जानलेवा साबित हो सकता है।


दूसरी ओर, जिस स्थान पर प्रशासन ने चेन लगाकर रास्ता बंद किया है, वहां से बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं चेन फांदकर सड़क पार करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति बेहद खतरनाक है और किसी भी समय गंभीर दुर्घटना हो सकती है। यदि कोई व्यक्ति संतुलन खोकर गिर जाए तो वह सीधे तेज गति से गुजर रहे वाहनों की चपेट में आ सकता है।

नगरवासियों ने प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि लगातार दुर्घटनाओं के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। लोगों ने अविलंब सुरक्षित और स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

# पांच माह में अब तक एक बार ही हुई बीस सूत्री समिति की बैठक, सदस्यों में नाराजगी

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।स्थानीय प्रखंड में प्रखंड कार्यक्रम क्रियान्वयन (बीस सूत्री) समिति की बैठक बीते पांच माह में एक बार भी नहीं हुई है।इसके लिए अधिकारी से लेकर अध्यक्ष तक जिम्मेदार है।राज्य सरकार की ओर से प्रखंड में बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक कराये जाने का सख्त निर्देश है।वहीं बीस सूत्री के उपाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री कमेटी का गठन जन समस्याओं के समाधान के लिए किया है। साथ ही कहा गया है कि प्रत्येक दो महीने में एक बार बैठक करायी जायेगी ।मगर बीते पांच माह से एक बार भी नहीं हुई है।






# जंदाहा पहुंचे नीतीश कुमार, कार्यकर्ताओं को दिया विकास और संगठन मंत्र



जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। जनता दल (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार मंगलवार को जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के वैशाली जिले के जंदाहा प्रखंड अंतर्गत कजरी बुजुर्ग स्थित पैतृक आवास पहुंचे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

अपने दौरे के दौरान नीतीश कुमार ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित बिहार का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों, नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से संवाद कर संगठन की मजबूती और आगामी राजनीतिक चुनौतियों को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने तथा सरकार की विकास योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

सभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि वर्ष 2005 के बाद बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, सिंचाई और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के नेतृत्व में विकास की गति आगे भी जारी रहेगी और बिहार जल्द ही देश के शीर्ष पांच विकसित राज्यों में शामिल होगा।

प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि महनार की पावन धरती पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार लाखों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा, ऊर्जा और विश्वास के स्रोत हैं। उनके मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं का मनोबल और उत्साह बढ़ता है।इस अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ, मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधायक सिद्धार्थ पटेल, विधायक महेंद्र राम, वैशाली जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र सिंह, विधानसभा प्रभारी शंभु कुशवाहा सहित अनेक नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हर पंचायत में होगी पेयजल गुणवत्ता की नियमित जांच, 30 जून तक लगेंगे नए चापाकल : सम्राट चौधरी




जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास, 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' सभागार में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों को हर घर नल का जल योजना के तहत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, इसलिए इसकी गुणवत्ता और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रत्येक पंचायत में हर दो से तीन माह पर पेयजल गुणवत्ता की जांच कराई जाए तथा वार्ड स्तर पर भी नियमित निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए और इसके लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक का भी उपयोग किया जा सकता है।

बैठक में उन्होंने पेयजल योजनाओं के संचालन, रखरखाव और मरम्मत कार्यों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि जहां पेयजल की समस्या है, वहां 30 जून से पहले नए चापाकल स्थापित किए जाएं ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।मुख्यमंत्री ने भू-जल संरक्षण योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा भू-जल स्तर की लगातार निगरानी कर उसके अनुरूप कार्ययोजना तैयार करने का भी निर्देश दिया। बैठक में विभागीय मंत्री, मुख्य सचिव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# भूमि दानदाताओं के नाम पर होंगे नए महाविद्यालय, 211 प्रखंडों में 1 जुलाई से शुरू होगी डिग्री शिक्षा




जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं, नए महाविद्यालयों की स्थापना तथा उच्च शिक्षा के विस्तार से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि डिग्री कॉलेज से वंचित 211 प्रखंडों में 1 जुलाई से स्नातक स्तर की पढ़ाई शुरू कराई जाए। इन प्रखंडों में स्थापित होने वाले नए महाविद्यालयों में शिक्षकों एवं कर्मियों की नियुक्ति के लिए शीघ्र समिति गठित कर रिक्तियों को एक साथ भरने की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि सभी नए कॉलेज ऐसी जगह स्थापित हों जहां विद्यार्थियों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

बैठक में मुख्यमंत्री ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि डिग्री कॉलेज रहित प्रखंडों में महाविद्यालय स्थापना के लिए भूमि दान देने वाले व्यक्ति अथवा उनके द्वारा अनुशंसित व्यक्ति के नाम पर उस महाविद्यालय का नामकरण किया जाएगा। वहीं भवन निर्माण या अन्य आधारभूत संरचना में सहयोग करने वालों के नाम पर परिसर के किसी हिस्से का नाम रखा जा सकेगा।मुख्यमंत्री ने बिहार में अधिक ओपन यूनिवर्सिटी स्थापित करने की संभावनाओं का अध्ययन करने, देश के शीर्ष 10 विश्वविद्यालयों के साथ समझौता करने तथा शोध संस्थानों को व्यवस्थित और विशेषज्ञता आधारित बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी, शोध को प्रोत्साहन मिलेगा और बिहार देशभर के विद्यार्थियों के लिए आकर्षक शैक्षणिक केंद्र बन सकेगा।

# सभी जिला मुख्यालय होंगे फोर-लेन सड़क से जुड़े, सड़क परियोजनाओं में तेजी लाने का निर्देश




जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पथ निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में राज्य के सड़क नेटवर्क को और मजबूत बनाने के लिए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में आयोजित बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति और भावी योजनाओं की समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सुदूर क्षेत्रों से पांच घंटे के भीतर पटना पहुंचने के लक्ष्य पर सरकार कार्य कर रही है। इसके लिए एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग और स्टेट हाई-वे परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने सभी जिला मुख्यालयों को फोर-लेन सड़कों से जोड़ने का निर्देश देते हुए कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से लोगों की आवाजाही आसान होगी और विकास को नई गति मिलेगी।

उन्होंने पर्यटन स्थलों, सांस्कृतिक धरोहरों, औद्योगिक कॉरिडोर, विशेष कृषि उत्पादन क्षेत्रों तथा प्रमुख बाजारों को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा, व्यापार का विस्तार होगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

बैठक में पुलों की गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने ब्रीज मेंटेनेंस पॉलिसी को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा पुलों की नियमित तकनीकी जांच कराने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेषज्ञों की रिपोर्ट के आधार पर विक्रमशिला पुल के स्थायी पुनर्स्थापन कार्य को आगे बढ़ाने और कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन पुल परियोजना को जुलाई के पहले सप्ताह तक पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में कई वरिष्ठ अधिकारी और विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे

# सहकारिता को सशक्त बनाने पर जोर, पैक्सों को आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश




अजित कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सहकारिता गतिविधियों को मजबूत बनाने, पैक्सों को आत्मनिर्भर एवं बहुउद्देशीय बनाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।


बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने डेयरी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले की जिन 15 पंचायतों में अब तक दुग्ध सहकारी समितियों का गठन नहीं हुआ है, वहां प्राथमिकता के आधार पर जल्द समिति गठन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे अधिक से अधिक दुग्ध उत्पादक किसान सहकारिता व्यवस्था से जुड़ेंगे और उन्हें आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

उन्होंने हुलासगंज प्रखंड में मत्स्यजीवी सहयोग समिति का निबंधन आगामी दो माह के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया, ताकि मत्स्य पालकों को सरकारी योजनाओं और सहकारी सुविधाओं का लाभ मिल सके। बैठक में पैक्सों में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) को सक्रिय करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

पैक्सों के व्यवसाय विविधीकरण को लेकर भी चर्चा हुई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि पैक्सों और सहकारी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला आयोजित की जाए, जिससे ग्रामीण सहकारी संस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाया जा सके।

बैठक में अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित सहकारिता विभाग, नाबार्ड, डेयरी विभाग, कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले के सभी थानों में सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था होगी और मजबूत



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय ओवरसाइट कमिटी (डीएलओसी) की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी थानों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, उनकी कार्यक्षमता, रखरखाव एवं निगरानी व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार के गृह विभाग के निर्देशानुसार जिले के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि डीएलओसी का मुख्य उद्देश्य पुलिस प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना, आम नागरिकों की सुविधा बढ़ाना तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखना है। सीसीटीवी प्रणाली से थाना परिसरों में पारदर्शिता बढ़ेगी और विधि-व्यवस्था बनाए रखने में भी सहायता मिलेगी।

समीक्षा के दौरान जिले के सभी 20 थानों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की संख्या, कार्यरत एवं खराब कैमरों की स्थिति, स्टोरेज क्षमता तथा अन्य तकनीकी पहलुओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि सीसीटीवी कैमरों एवं संबंधित उपकरणों का नियमित परीक्षण, रखरखाव और मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। खराब कैमरों या उपकरणों को संबंधित एजेंसी के टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर तत्काल दुरुस्त कराया जाए।

उन्होंने कहा कि सभी थानाध्यक्ष अपने स्तर पर सीसीटीवी कैमरों की नियमित समीक्षा करें, ताकि किसी भी घटना की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रूप से उपलब्ध रहे और आवश्यकता पड़ने पर मानवाधिकार एवं अन्य मामलों में इसका उपयोग किया जा सके। बैठक में मुख्य पार्षद अनिल कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार पांडेय, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा सुजीत कुमार सहित सभी थानाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बकरीद सौहार्द और स्वच्छता के साथ मनाएं, अफवाहों से रहें दूर




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों, नगर निकाय प्रतिनिधियों, पुलिस प्रशासन तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी उपस्थित लोगों को बकरीद पर्व की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारा, सामाजिक समरसता और शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि बकरीद त्याग, सेवा और सद्भाव का पर्व है, जिसे सभी लोग मिल-जुलकर मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें।

उन्होंने कुर्बानी देने वाले लोगों से विशेष आग्रह किया कि कुर्बानी के बाद निकलने वाले अवशेषों का निस्तारण नगर परिषद एवं नगर पंचायत द्वारा निर्धारित डेडिकेटेड डस्टबिन में ही करें। अवशेषों को खुले स्थानों पर फेंकने से गंदगी फैलने के साथ-साथ बीमारियों की आशंका भी बढ़ सकती है। इसलिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है।

बैठक में कार्यपालक पदाधिकारियों को पर्व के दौरान नियमित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी समस्या या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की।

उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने आपसी सौहार्द और शांति बनाए रखने का संकल्प लिया।

# सहकारिता को सशक्त बनाने पर जोर, पैक्सों को आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश




अजित कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सहकारिता गतिविधियों को मजबूत बनाने, पैक्सों को आत्मनिर्भर एवं बहुउद्देशीय बनाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने डेयरी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले की जिन 15 पंचायतों में अब तक दुग्ध सहकारी समितियों का गठन नहीं हुआ है, वहां प्राथमिकता के आधार पर जल्द समिति गठन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे अधिक से अधिक दुग्ध उत्पादक किसान सहकारिता व्यवस्था से जुड़ेंगे और उन्हें आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

उन्होंने हुलासगंज प्रखंड में मत्स्यजीवी सहयोग समिति का निबंधन आगामी दो माह के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया, ताकि मत्स्य पालकों को सरकारी योजनाओं और सहकारी सुविधाओं का लाभ मिल सके। बैठक में पैक्सों में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) को सक्रिय करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

पैक्सों के व्यवसाय विविधीकरण को लेकर भी चर्चा हुई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि पैक्सों और सहकारी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला आयोजित की जाए, जिससे ग्रामीण सहकारी संस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाया जा सके।

बैठक में अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित सहकारिता विभाग, नाबार्ड, डेयरी विभाग, कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# दस दिनों में लूटकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। नवादा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिरदला थाना क्षेत्र में हुए लूटकांड का मात्र दस दिनों के भीतर सफल उद्भेदन कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से लूटे गए दो कैमरे, एक ड्रोन तथा तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। इस सफलता को पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 16 मई 2026 को सिरदला थाना क्षेत्र के खरोन्ध रेलवे स्टेशन के समीप कफियारी जंगल में राहुल कुमार के साथ मारपीट कर अपराधियों ने उनका कैमरा, ड्रोन एवं मोबाइल फोन लूट लिया था। पीड़ित के बयान पर सिरदला थाना में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी अनुसंधान, गुप्त सूचना संग्रह तथा मानव खुफिया तंत्र की सहायता से लगातार छापेमारी अभियान चलाया। जांच के दौरान मिले महत्वपूर्ण सुरागों के आधार पर पुलिस ने शेरपुर निवासी गुड्डू कुमार (20 वर्ष), पिता




सरयूरविदास तथा मिथिलेश कुमार उर्फ गोलू (21 वर्ष), पिता नरेश मिश्री को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में दोनों आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर लूटे गए दो कैमरे, एक ड्रोन और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले की आगे जांच जारी है तथा अन्य आरोपियों की संलिप्तता सामने आने पर उनके विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता का संदेश गया है और लोगों में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है।

# रात्रि गश्ती में पुलिस को सफलता, चोरी के बिजली तार संग दो गिरफ्तार



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस की सक्रियता लगातार बढ़ रही है। रात्रि गश्ती एवं सघन वाहन जांच अभियान के दौरान नगर थाना पुलिस ने चोरी के बिजली तार के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की इस कार्रवाई को अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र में गश्ती एवं जांच के दौरान पंजाब नेशनल बैंक और एक पेट्रोल पंप के समीप संदिग्ध गतिविधि देख पुलिस ने दो युवकों को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके पास से लगभग 19 मीटर चोरी का बिजली तारबरामद किया गया। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विशुनगंज निवासी सूरज कुमार, पिता रामानुग्रह प्रसाद तथा पूर्वी ऊंटा निवासी चंद्रशेखर कुमार उर्फ निरहुआ, पिता स्वर्गीय मुंदरिक पासवान के रूप में हुई है। दोनों नगर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।पुलिस ने बरामद तार को जब्त कर लिया है तथा दोनों आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि गश्ती और जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। वहीं आम लोगों से भी किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई है, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

# अपहरण व 71 हजार रुपये छिनतई मामले में बालक निरुद्ध, बाल सुधार गृह भेजा गया

आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। कतरीसराय थाना क्षेत्र के बरीठ गांव निवासी प्रिंस कुमार के अपहरण और रुपये छिनतई मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक विधिविरुद्ध बालक को निरुद्ध किया है। निरुद्ध बालक बिहारशरीफ थाना क्षेत्र के टिकुलीपर मोहल्ले का रहने वाला बताया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 मई को प्रिंस कुमार, पिता रामप्रताप महतो, का कथित रूप से अपहरण कर लिया गया था। आरोप है कि अपहरण के दौरान उससे 71 हजार रुपये छीन लिए गए। इसके बाद आरोपितों द्वारा फोन कर और अधिक रुपये की मांग की जा रही थी।

घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष ने कतरीसराय थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू की। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि मानवीय एवं तकनीकी अनुसंधान के साथ-साथ कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और लोकेशन के आधार पर छानबीन की गई।

जांच के क्रम में पुलिस ने बिहारशरीफ के टिकुलीपर मोहल्ले में छापेमारी कर एक विधिविरुद्ध बालक को निरुद्ध कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है तथा अन्य संभावित आरोपितों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करने का दावा किया है।

# नालंदा में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की नहीं है कमी: डीएम

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिले में पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की कथित कमी की सूचनाओं के बीच मंगलवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने तेल विपणन कंपनियों के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी कंपनियों के सेल्स ऑफिसरों ने स्पष्ट किया कि जिले में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और सभी पेट्रोल पंप सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं। खपत के अनुरूप लगातार ईंधन की आपूर्ति की जा रही है तथा किसी प्रकार की कमी नहीं है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मांग बढ़ने की स्थिति में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा पेट्रोल पंपों पर अतिरिक्त स्टॉक बनाए रखें। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और घबराकर अनावश्यक खरीदारी न करें।

बैठक में रसोई गैस की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले की 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7,806 घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति उपभोक्ताओं को की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। अब तक जिले में 2,012 उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पीएनजी पाइपलाइन बिछ चुकी है, वहां उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही एलपीजी सिलेंडर से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष का टोल फ्री नंबर 06112-233168 जारी किया गया है। जिलाधिकारी ने जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग की सूचना प्रशासन को देने की अपील करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

# हरनौत में 40 स्थानों पर बोरिंग कार्य, जल्द मिलेगी नियमित पेयजल आपूर्ति

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) द्वारा 40 स्थानों पर नए बोरिंग और मोटर स्थापना का कार्य कराया जा रहा है। इस योजना के तहत बोरिंग, मोटर स्थापना, परिसर में पीसीसी निर्माण तथा जलापूर्ति पाइपलाइन की मरम्मत पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

पीएचईडी की कनिष्ठ अभियंता सुप्रिया कुमारी ने बताया कि निर्धारित 40 स्थानों में से 25 जगहों पर बोरिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि शेष स्थानों पर कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि परियोजना के पूर्ण होने के बाद प्रखंड के विभिन्न गांवों और वार्डों में नियमित एवं सुचारु पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। अधिकांश स्थानों पर कार्य अंतिम चरण में है और जल्द ही लोगों को इसका लाभ मिलने लगेगा।

नेहुसा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मिथुन कुमार ने बताया कि पंचायत के वार्ड संख्या-17 सहित कई वार्डों में नए बोरिंग कराए जा रहे हैं। इससे लंबे समय से शुद्ध पेयजल की समस्या झेल रहे सैकड़ों परिवारों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में जल संकट से जूझ रहे लोगों के लिए यह योजना काफी उपयोगी साबित होगी।

स्थानीय लोगों ने भी विभागीय पहल का स्वागत करते हुए उमीद जताई है कि कार्य शीघ्र पूरा होने पर क्षेत्र में पेयजल संकट काफी हद तक दूर हो जाएगा और लोगों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा।

# बकरीद को लेकर हिसुआ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक




संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)।हिसुआ थाना परिसर में मंगलवार को बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ देवानंद कुमार सिंह एवं थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से की।बैठक में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य लोगों ने भाग लिया। अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारे और शांति के साथ बकरीद मनाने की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पर्व के दौरान सभी संवेदनशील स्थानों पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा क्षेत्र में लगातार पुलिस गश्ती भी जारी रहेगी तथा असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी।वार्ड पार्षद शंभू शर्मा एवं अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध स्थिति की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।मौके पर बिहार राज्य नागरिक सदस्य शोभा देवी, विधायक प्रतिनिधि बिगन सिंह, असगर अली, कपिल मांझी, मुसाफिर कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि तस्लीम उद्दीन, उप प्रमुख पुकार सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# हिसुआ नगर परिषद: सशक्त स्थायी समिति के चुनाव में शानदार जीत समर्थकों में खुशी का माहौल

संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। नवगठित हिसुआ नगर परिषद में सशक्त स्थायी समिति के गठन को लेकर हुए चुनाव में दिनभर राजनीतिक सरगर्मी और गहमागहमी का माहौल बना रहा। समिति के महत्वपूर्ण पदों पर अपने-अपने समर्थित उम्मीदवारों को जिताने के लिए वार्ड पार्षदों और स्थानीय दिग्गजों के बीच जबरदस्त खींचतान देखने को मिली। सुबह से ही ब्लॉक परिसर में वार्ड पार्षदों, समर्थकों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी।

चुनाव में कुल मतों की गिनती के दौरान प्रत्याशियों का प्रदर्शन खासा प्रभावशाली रहा। पंकज कुमार ने 17 वोट प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अशोक कुमार भी 17 वोट के साथ दूसरे स्थान पर रहे। मनोज कुमार 16 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। वहीं इवरार आलम और विनोद कुमार को 10-10 वोट तथा संध्या कुमारी को 11 वोट मिले, जिससे उन्हें हार का सामना करना पड़ा। परिणाम घोषित होते ही विजयी उम्मीदवारों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

सूत्रों के अनुसार, सशक्त स्थायी समिति में जगह बनाने के लिए कई दिनों से रणनीति तैयार की जा रही थी। देर रात तक गुप्त बैठकों का दौर चलता रहा और विभिन्न गुट अपने पक्ष में अधिक से अधिक वार्ड पार्षदों को जोड़ने की कोशिश में जुटे रहे। चुनावी समीकरण लगातार बदलते रहे, जिससे दिनभर राजनीतिक माहौल गरमाया रहा। कई बार स्थिति तनावपूर्ण भी रही, लेकिन प्रशासन की सतर्कता से हालात पूरी तरह नियंत्रण में रहे।ब्लॉक परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया। चुनाव समाप्त होने के बाद सभी पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला।नगर परिषद में सशक्त स्थायी समिति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। विकास योजनाओं की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति देने का अधिकार इसी समिति के पास होता है, जिसके कारण इसमें स्थान पाने के लिए पार्षदों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला।मौके पर निर्वाची पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू, अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी डॉ. अनिल कुमार तिवारी, वरीय उप समाहर्ता अमरनाथ कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता गौरव शंकर, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह, थाना अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सहित सभी वार्ड पार्षद एवं स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।




# लोक शिकायत निवारण में नवादा प्रशासन की तत्परता, डीएम ने तीन मामलों का मौके पर किया समाधान



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त द्वितीय अपील मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कुल छह परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से तीन मामलों का तत्काल ऑन-द-स्पॉट निवारण कर दिया गया।

सुनवाई में शीतल प्रसाद द्वारा सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने, साजन कुमार द्वारा निजी भूमि पर प्रशासन की ओर से मिट्टी भर दिए जाने, लालो देवी द्वारा आवागमन के लिए रास्ता उपलब्ध कराने, सत्यम सागर द्वारा नल-जल योजना से संबंधित शिकायत, नवीन कुमार द्वारा कथित रूप से अवैध ई-चालान काटे जाने तथा राजकुमार चौधरी द्वारा पशु शेड योजना की राशि नहीं मिलने से जुड़े मामलों पर विचार किया गया। संबंधित विभागों से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर सभी मामलों की समीक्षा की गई।डीएम ने बताया कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत शिकायतों का निपटारा निर्धारित समय-सीमा में किया जाता है। प्रखंड एवं अनुमंडल स्तर की समस्याओं के समाधान के लिए अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय तथा जिला स्तरीय मामलों के लिए जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी कार्यालय कार्यरत है।उन्होंने कहा कि शिकायत दर्ज कराने, सुनवाई और अपील की पूरी प्रक्रिया निःशुल्क है। नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी अपनी शिकायत और अपील दर्ज कर सकते हैं। इस व्यवस्था का उद्देश्य आम लोगों को त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी न्याय उपलब्ध कराना है।

# टी.एस. कॉलेज हिसुआ में स्नातक सेमेस्टर-6 की परीक्षा सकुशल संपन्न, 1260 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। हिसुआ नगर परिषद स्थित टी.एस. कॉलेज, हिसुआ में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा आयोजित स्नातक सेमेस्टर-6 (सत्र 2023-27) की परीक्षा मंगलवार को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हो गई। केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा ने बताया कि नारदीगंज कॉलेज, नारदीगंज के कुल 1260 विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय के छात्र-छात्राओं के लिए टी.एस. कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा 21 मई से 26 मई 2026 तक संचालित हुई और सभी दिनों में व्यवस्था संतोषजनक रही।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय कुमार चौहान तथा सहायक परीक्षा नियंत्रक सिंधुकांत, अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार एवं अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में दोनों पालियों की परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। महाविद्यालय के 10 परीक्षा कक्षों में परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई थी। अंतिम दिन प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय कुमार चौहान, वितेक्षक डॉ. स्वर्गेश कुमार तथा वरीय शिक्षक डॉ. मिथिलेश पासवान ने सभी परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि परीक्षा संचालन में डॉ. सुनील कुमार दुबे, डॉ. पूनम भारती, डॉ. अमरदीप मोहन अमहोरे, अर्जुन कुमार, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. एस.एन. प्रभाकर, डॉ. नागेंद्र दास, डॉ. परमानंद राम, डॉ. रजनीश देव, डॉ. सुधा कुमारी, डॉ. पीयूष मणि त्रिपाठी, रंजय कुमार, कुसुम कुमारी, डॉ. अंजली कुमारी, डॉ. दिव्या पाण्डेय, डॉ. प्रतिभा सिंह, डॉ. मांडवी रानी, डॉ. राकेश चौधरी, डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. पप्पू कुमार, डॉ. हेगोयल, उपेंद्र कुमार मिश्रा, डॉ. उत्तम कुमार, डॉ. सुधीर कुमार, राजेश कुमार एवं मुकेश कुमार सहित सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।